# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 09.06.2025

### 1. थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा बंद पडे घरों/मकानों की रैकी करके चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, विदेशी मुद्रा व चाँदी के सिक्के बरामद।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **09.06.2025** को लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से बंद पडे घरों/मकानों की रैकी करके चोरी करने वाले 02 अभियुक्त 1.सोनू गौतम पुत्र सीता राम 2.मनोज कुमार वर्मा पुत्र हरीप्रेम वर्मा को ए0आर0टी0ओ0 ऑफिस के पीछे वाली सड़क से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 04 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का हार सफेद धातु, 02 गले का हार पीली व सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपिया (इन्डोनेशिया देश के), 06 चाँदी के सिक्के व 01 चाँदी का नोट बरामद किया गया है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रैकी करते है तथा चोरी किये गये आभूषणों को औने-पौने दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है। उनके द्वारा यह सामान सेक्टर-35ए सोसाइटी के एक बन्द मकान से चोरी किया गया था।

### अभियुक्तों का विवरण--

1. सोनू गौतम पुत्र सीता राम निवासी ग्राम देवली, थाना कोतवाली देहात, जिला बुलन्दशहर वर्तमान पता-ग्राम मोरना, सेक्टर-35, थाना सेक्टर-24, नोएडा उम्र करीब 26 वर्ष।
2. मनोज कुमार वर्मा पुत्र हरीप्रेम वर्मा निवासी मैन बाजार, थाना पलवल, हरीयाणा वर्तमान पता बदरपुर बार्डर, दिल्ली उम्र 42 वर्ष।

### आपराधिक इतिहास का विवरण--

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

- **अभियुक्त सोनू--**

1. मु0अ0सं0 178/2021 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 458/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 527/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 285/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 404/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0 251/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त मनोज कुमार वर्मा--**

1. मु0अ0सं0 251/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1- 04 अंगूठी पीली धातु
2- 01 गले का नेकलेस सफेद धातु
3- 02 गले के हार मटमैला पीला व सफेद धातु
4- 14 डॉलर सिंगापुर देश के
5- 200 रुपिया इन्डोनेशिया देश के
6- 06 चाँदी के सिक्के
7- 01 चाँदी का 50 ग्राम का नोट